जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज

सूचना

दिनांक – 16.10.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज, में 100 पारा विधिक स्वयं सेवकों के चयन हेतु दिनांक - 29.11.2025 के कार्यालय अवधि तक आवेदन आमंत्रित किया गया है | आवेदन प्रपत्र व्यवहार न्यायालय, किशनगंज, के वेबसाइट https://kishanganj.dcourts.gov.in/ से डाउनलोड (Download) किया जा सकता है |

आदेशानुसार

सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज

पारा विधिक स्वयं सेवकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

विज्ञापन दिनांक – 14.10.2025

कौन आवेदन कर सकता है - ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरुष) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान में रुचि रखते हैं तथा उनके लिए कार्य करना चाहते हैं इनमें शिक्षक (सेवा निवृत शिक्षक सहित), सेवा निवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, डाक्टर, छात्र, गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सेवी समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति (विद्वान अधिवक्ता को छोडकर) जो स्वयं सेवा में रुचि रखते हो तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार उचित समझे। पूर्व में चयनित पारा विधिक स्वयं सेवक यदि पैनल में रहने के इच्छुक हैं तो उन्हें भी पुनः आवेदन देने की आवश्यकता है।

पारा विधिक स्वयं सेवक के कार्य - पारा विधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरुकता, विधिक सहायता के लिए पीड़ितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार सौंपे।

पदों की संख्या - **100** (एक सौ)। चूँकि पारा विधिक स्वयं सेवकों से गाँवों या गाँवों के समूह में कार्य लेना है। अतः जिले के सभी क्षेत्रों से पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन क्षेत्रीय आधार पर किया जायेगा। आवेदक अपने-अपने प्रखंड के लिए ही आवेदन करेंगे।

आरक्षण - पारा विधिक स्वयं सेवक को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नहीं है। अतः पदों का आरक्षण नहीं है। परन्तु स्कीम के अनुरुप सभी वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जायेगा।

शैक्षणिक योग्यता – मैट्रिक

न्यूनतम आयु - दिनांक – 01.10.2025 तक 18 वर्ष पूर्ण हो |

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन तथा स्व घोषणा (self declaration) कि आवेदक के विरुद्ध कोई आपराधिक मुकदमा लंबित नहीं है और न ही वह किसी राजनितिक दल का सदस्य / राजनितिक दल से जुड़ा हुआ है, साफ़ – साफ़ दिए गए प्रपत्र में भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का स्व-अभिप्रामणित प्रमाण पत्र की छायाप्रति नीचे दिए गए पता पर पंजीकृत डाक से अथवा बंद लिफाफा में हाथों-हाथ दिनांक – 29.11.2025 के कार्यालय अवधि तक जमा करें । अपूर्ण, दोषपूर्ण एवं आवेदन की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन, चाहे वह डाक विलम्ब के कारण हीं क्यों न हो, पर विचार नहीं किया जायेगा।

मानदेय - पारा विधिक स्वयं सेवकों को कोई वेतन अथवा पारिश्रमिक भुगतान नहीं होता है यद्धपि उन्हें प्रति कार्य दिवस मानदेय रु 750/- (**सात सौ पचास रुपया मात्र**) दिया जाएगा, परन्तु यह मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिए देय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें कोई विशेष कार्य करने हेतु सौंपती है या स्वयं सेवक गाँव से किसी व्यक्ति को विधिक सेवा हेतु विधिक सेवा प्राधिकार या ए0डी0आर0 केन्द्र में ले आता है या अपने क्षेत्र में विधिक जागरुकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाता है।

सामान्य अनुदेश-

1. आवेदक भारत का नागरिक हो 2. स्वस्थ हो 3. अच्छा चरित्र हो 4. समाज सेवा में रुचि रखता हो 5. किशनगंज जिला का निवासी हो।

आवेदन भेजने का पता- "सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज, (व्यवहार न्यायालय परिसर जिला-किशनगंज)
पिन-855107' (बिहार)

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि – 29.11.2025 के कार्यालय अवधि तक| आवेदन पत्र का प्रारूप व्यवहार न्यायालय, किशनगंज की वेबसाइट https://kishanganj.dcourts.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है|

साक्षात्कार की तिथि – दूरभाष से सूचित किया जाएगा साथ ही व्यवहार न्यायालय, किशनगंज के वेबसाइट पर भी दी जाएगी | साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा|

नोट –

1. वैसे अभ्यर्थी जिन्हें वर्ष, 2024 में पारा विधिक स्वयं सेवक के पद हेतु साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया था, उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है किन्तु पुनः साक्षात्कार देना अनिवार्य है, जिस हेतु उन्हें दूरभाष से सूचना दी जाएगी|
2. वर्तमान प्रकाशित विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज, के पास सुरक्षित रहेगा|
3. PLV चयन से संबंधित सूचना के लिए https://kishanganj.dcourts.gov.in पर समय- समय पर विजिट (visit) करें|

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु

आवेदन पत्र

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

पासपोर्ट साइज़ का रंगीन फोटो स्वअभिप्रमाणित

1. आवेदक का नाम :-
2. पिता / पति का नाम :-
3. जन्म तिथि :-
4. आयु (01.10.2025 तक) :- ..... दिन ..... महिना .....वर्ष
5. आवेदक की श्रेणी (सामान्य / अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति / पिछड़ा वर्ग / अति पिछड़ा वर्ग / :-

   .....

6. **स्थाई पता :-**

   ग्राम / मोहल्ला .....पंचायत का नाम :- .....

   प्रखंड .....थाना .....

   जिला ..... पिन ..... राज्य .....

7. **वर्तमान / पत्राचार का पता :-**

   ग्राम / मोहल्ला .....पंचायत का नाम :- .....

   प्रखंड .....थाना .....

   जिला ..... पिन ..... राज्य .....

8. मोबाइल नंबर :-
9. Whatsapp Number:-
10. ईमेल आई०डी०:-
11. शैक्षणिक योग्यता :-
12. अन्य योग्यता :-
13. कार्य की वरीयता (जिला स्तर, तालुक स्तर या गांव स्तर) दर्शाएं :-

    (i)..... (ii).....(iii).....

    मैं यह घोषणा करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा आवेदन में दी गई सभी सूचना मेरी जानकारी में विश्वसनीय एवं सत्य है | इसके असत्य पाए जाने पर मेरा आवेदन पत्र रद्द कर दिया जाएगा |

14. तिथि :-
15. स्थान :-

आवेदक का हस्ताक्षर

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु

साक्षात्कार पत्र

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

पासपोर्ट साइज़ का रंगीन फोटो स्वअभिप्रमाणित

(आवेदक द्वारा भरा जाएगा)

1. आवेदक का नाम :-
2. पिता / पति का नाम :-
3. जन्म तिथि :-
4. आवेदक की श्रेणी (सामान्य / अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति / पिछड़ा वर्ग / अति पिछड़ा वर्ग / :-

   .....

5. **स्थाई पता :-**

   ग्राम / मोहल्ला .....पंचायत का नाम :- .....

   प्रखंड .....थाना .....

   जिला ..... पिन ..... राज्य .....

6. **वर्तमान / पत्राचार का पता :-**

   ग्राम / मोहल्ला .....पंचायत का नाम :- .....

   प्रखंड .....थाना .....

   जिला ..... पिन ..... राज्य .....

7. ईमेल आई०डी० :-
8. मोबाइल नंबर :-
9. तिथि :-
10. स्थान :-

आवेदक का हस्ताक्षर

कार्यालय उपयोग के लिए

क्रमांक ...../2025

1. साक्षात्कार तिथि :-
2. समय : -
3. स्थान :- **व्यवहार न्यायालय परिसर, किशनगंज**

सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज

घोषणा पत्र

(आवेदक द्वारा भरा जाएगा)

मैं ..... पिता - .....

ग्राम / मोहल्ला .....पंचायत का नाम :- .....

प्रखंड .....थाना .....

जिला ..... पिन ..... राज्य .....

का स्थाई निवासी हूँ और घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे विरुद्ध कोई आपराधिक मुकदमा लंबित नहीं है और मुझे किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध या दिवालिया घोषित नहीं किया गया है | मैं किसी भी राजनितिक दल का सदस्य / राजनितिक दल से जुड़ा नहीं हूँ| मैं बिना किसी लोभ के, स्वेच्छा से विधिक सेवा का कार्य करना चाहता / चाहती हूँ|

आवेदक का हस्ताक्षर